इंडीकेटिव नोट्स (Indicative Notes)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/indicative-notes

- **पत्रकारों तथा अन्य मीडिया कर्मियों को सर्वोच्च न्यायालय में चलने वाली मामलों की सुनवाई की वर्चुअल रिपोर्टिंग करने** के लिये भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) एन.वी. रमण ने एक मोबाइल एप लॉन्च किया है। अब मीडिया कर्मियों को न्यायालय की सुनवाई संबंधी रिपोर्टिंग के लिये न्यायालय परिसर में नहीं जाना पड़ेगा।
- मोबाइल एप के अलावा सी.जे.आई. ने **सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर 'इंडीकेटिव नोट्स' नाम से एक नई पहल भी शुरू** की है। इस पर न्यायालय के विभिन्न ऐतिहासिक महत्त्व के निर्णयों का सहज ढंग से संक्षिप्त सार उपलब्ध होगा।
- 'इंडीकेटिव नोट्स' उन मीडिया कर्मियों तथा आम जनता के लिये एक उपयोगी स्रोत होगा, जो न्यायालय के महत्त्वपूर्ण निर्णयों के बारे में जानकारी रखना चाहते हैं। सी.जे.आई. के अनुसार, कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप के चलते **लाइव-स्ट्रीमिंग कोर्ट की अस्थायी व्यवस्था को अब स्थायी बनाया जा सकता है।**
- पारदर्शिता हमारे विधिक ढाँचे का आधारभूत सिद्धांत है। ध्यातव्य है कि **न्यायालय की सुनवाई एक खुले कोर्टरूम में होती है, जिसमें आम जनता का शामिल होना स्वीकृत होता है।** ऐसे में, न्यायालय की कार्यवाही के संबंध में लोगों तक सूचना पहुँचाने में मीडिया की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students